1	2	3	4	5	6
3.	महानदी डेल्टा चरण – II	6/92	34.52	1036.0	89.0
	कुल		68.86	2186.0	634.2
छ.	**राजस्थान**				
1.	बुचारा	7/94	2.02	79.0	-
2.	घील	7/94	6.50	219.0	-
3.	गुडहा	7/94	10.39	450.0	-
4.	जेतपुरा	7/94	3.73	123.0	-
5.	नंद सामंद	7/94	7.00	242.0	-
6.	उरई	7/94	9.26	414.0	-
7.	सैंघल	7/94	3.27	127.0	-
8.	उंमेद सागर	7/94	2.97	134.0	-
	कुल		46.10	1788.0	-
ज.	**तमिलनाडु**				
1.	चित्तार	6/92	9.64	241.0	670.3
2.	मंजलार	1/93	2.17	54.0	127.7
3.	पिल्लावुक्कल	1/93	3.60	91.0	-
	कुल		15.14	386.0	798.0

उ0स0= उच्च स्तरीय

पेट्रो-रसायन संयंत्र में दुर्घटना

2730. **श्री संघ प्रिय गौतम** : क्या **रसायन और उवर्क** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या गुजरात में हजीरा स्थित रिलायंस औद्योगिक समूह के पेट्रो-रसायन संयंत्र में हाल ही में एक भीषण दुर्घटना हुई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस दुर्घटना में कितने मजदूरों की मृत्यु हुई और कितने मजदूर घायल हुए;

(घ) इस भीषण दुर्घटना के क्या कारण है; और

(ड) क्या उपर्युक्त औद्योगिक समूह ने प्रभावित व्यक्तियों के परिवारों को उचित और पर्याप्त मात्रा में मुआवजे का भुगतान किया है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री राम लखन सिंह यादव) : (क) से (ड) जानकारी एकत्रित की जायेगी और सभा के पटल पर रखी दी जाएगी

भोपाल गैस त्रासदी के शिकार हुए लोगों को अन्तरिम राहत

2731. **श्री नारायण प्रसाद गुप्ता** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या दिसम्बर, 1984 में कीटनाशक संयंत्र से एम0आई0सी0 गैस रिसने से प्रभावित हुए भोपाल शहर के सभी बाड़ों को अन्तरिम सहायता दी गई है;

(ख) यदि नहीं तो कितने बार्डो को यह राहत दी गई है और कितने बोर्ड ऐसी राहत से वंचित रह गये हैं;

(ग) क्या राज्य सरकार ने शेष सभी वार्ड़ो को अन्तरिम राहत दिए जाने का कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत किया है; यदि हां, तो कब; और

(घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गयी है और यदि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, तो अन्तरिम राहत की राशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?